# पेचवर्क : बारिश के बाद शहर के प्रमुख चौराहे पर राहत देने की कोशिश



रतलाम| बारिश थमने के बाद शहर की सड़कों के हाल खराब हो गए हैं। लगातार बारिश से दो बत्ती क्षेत्र की सड़क से खूब परेशानी हो रही थी। बड़े-बड़े गड्ढे हो रहे थे, इससे लोगों को परेशान होना पड़ रहा था। मंगलवार को यहां पेचवर्क किया गया। इससे अस्थायी रूप से लोगों को राहत मिल सकेगी। बारिश से पहले डाट की पुल क्षेत्र में भी सिर्फ मिट्टी से पेचवर्क को लेकर विवाद हुआ था। फोटो-राकेश पोरवाल

दै. भास्कर २८/७/२१

# सरकार ने तारीख बढ़ाई : प्रदेश में अब 7 अगस्त तक हो सकेंगे तबादले

भोपाल | तबादलों पर से प्रतिबंध हटे रहने की अंतिम तारीख 31 जुलाई से बढ़ाकर सात अगस्त कर दी गई है। कैबिनेट बैठक में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह से सभी मंत्रियों ने कहा कि प्रभार के जिले मिलने में देर होने और जिले में विलंब से जाने के कारण दिक्कतें हैं। कई आवेदन अभी भी आ रहे हैं। उन्हें सूचीबद्ध भी नहीं किया जा सका। इसीलिए तारीख बढ़ाई जानी चाहिए। इसके बाद सीएम ने तारीख को एक सप्ताह के लिए यह कहते हुए बढ़ा दिया कि इसके बाद और समय नहीं दिया जाएगा। इसी समय में अपना काम कर लें। कैबिनेट बैठक के बाद सरकार के प्रवक्ता व गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने यह जानकारी दी। सीएम ने चेताया कि नगरीय विकास मंत्री भूपेंद्र सिंह और उच्च शिक्षा मंत्री मोहन यादव के निज सचिव के नाम पर उगाही करने वाले लोग सामने आए हैं। ऐसे लोगों से सतर्क रहें।

दैनिक भास्कर 28/7/21

# तबादलों पर छूट की समय सीमा बढ़ी, अब सात अगस्त तक होंगे

भोपाल (नईदुनिया स्टेट ब्यूरो)। राज्य सरकार ने अधिकारियों-कर्मचारियों के तबादलों पर छूट की समय सीमा एक हफ्ते बढ़ा दी है। यानी, अब प्रदेश में सात अगस्त तक तबादले हो सकेंगे। यह निर्णय मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कैबिनेट की बैठक के दौरान लिया। कई मंत्रियों ने मुख्यमंत्री से तबादलों की समय सीमा में छूट बढ़ाने का आग्रह किया था। अभी 31 जुलाई तक तबादले किए जा सकते थे।

**25,000**

**से ज्यादा तबादले लंबित मंत्रालय स्तर पर**

### एक कर्मचारी का नाम दो-तीन नेताओं की सूची में

प्रशासन के साथ सांसद, विधायक और भाजपा के पदाधिकारियों के स्तर पर भी तबादला सूची बनाई जा रही है। [illegible]

आयुक्त ने खड़े रहकर करवाया काम

# सिटी फोरलेन : आवास व दुकानों की बाउंड्री ढहाई



पत्रिका करंट स्टोरी

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. शहर में दो बत्ती से लेकर मित्र निवास रोड तक बन रही सिटी फोरलेन निर्माण कार्य के दौरान मंगलवार को नगर निगम के दल ने जेसीबी की मदद से आवास व दुकानों की बाउंड्रीवॉल को तोड़ा। निगम ने निर्माण करने वाली ऐजेंसी से जो अनुबंध किया था उसके अनुसार दोनों तरफ की 4-4 मीटर सड़क को चौड़ा करना शर्त में शामिल था। पिछले सप्ताह बैंक की तरफ की दीवार को एक तरफा तोड़ने के बाद विवाद उठ खड़ा हुआ था। अब निगम ने दूसरी तरफ की दीवार तोड़कर विवाद को थाम लिया है। तोड़फोड़ के दौरान निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया अधिकारियों के साथ पूरे समय खड़े रहे।

शाम को करीब 4 बजे निगम आयुक्त झारिया सहित अन्य अधिकारी मित्र निवास रोड पर पहुंचे। इस दौरान जेसीबी को बुलवा लिया गया था। सबसे पहले जेसीबी से आवास की बाउंड्रीवॉल को तोड़ा गया। इसके पूर्व आवास में रहने वाले लोगों से आयुक्त झारिया ने चर्चा की व उनको आश्वस्त किया की वे जो तोड़फोड़ हो रही है उसमे आवास को नुकसान नहीं पहुंचने देंगे। इसके बाद दो बत्ती से लेकर मित्र निवास रोड तक के आवास से लेकर दुकानों की बाउंड्रीवॉल को तोड़ा गया।



## सब्जी के लिए दी, खोल दी दूसरी दुकान

इस तोड़फोड़ के बीच ही निगम आयुक्त झारिया ने दो बत्ती क्षेत्र में सब्जी कारोबार के लिए दी गई दुकान की मंजूरी के दौरान अन्य कारोबार की दुकान चलते देख, इंजीनियरों को कार्रवाई करने को कहा। सड़क चौड़ीकरण योजना में इसी सप्ताह इन दुकानों को भी हटाया जाएगा। शाम करीब 6 बजे तक तोड़फोड़ व मलबा हटाने की कार्रवाई जारी रही।

पत्रिका 28/7/21

# अतिक्रमण पर कार्रवाई : कॉन्वेंट तिराहे से सैलाना बस स्टैंड चौराहे तक बनाए जा रहे सिटी फोरलेन के लिए नगर निगम के अमले ने हटाया अतिक्रमण

प्रसारण न्यूज़ * रतलाम

कान्वेंट तिराहे से सैलाना बस स्टैंड चौराहे तक बनाए जा रहे सिटी फोरलेन के लिए मंगलवार को नगर निगम के अमले ने अतिक्रमण पर कार्रवाई की है। सिटी फोरलेन निर्माण के लिए नगर निगम तिराहे से लोकेंद्र भवन तक पर्याप्त जगह नहीं मिल पा रही थी, जिसके बाद स्टेट बैंक परिसर की बाउंड्री वॉल को हटाया गया था, वहीं दूसरी साइड पर निजी पक्के निर्माणों को भी हटाने की कार्रवाई नगर निगम की टीम ने की। सड़क चौड़ीकरण के बाद सिटी फोरलेन निर्माण का कार्य युद्ध स्तर पर जारी है।

मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना फेस टू के अंतर्गत रतलाम के महाराणा प्रताप चौराहे से





कॉन्वेंट तिराहे तक सिटी फोरलेन का निर्माण किया जाना था। इसका अधिकांश कार्य पूर्ण हो चुका है, लेकिन कॉन्वेंट तिराहे से लोकेंद्र भवन तक 18 मीटर चौड़ी सिटी फोरलेन बनाने के लिए पर्याप्त जगह नहीं होने की वजह से लंबे समय से निर्माण कार्य रुका हुआ था।, जिसके लिए नगर निगम ने पहले स्टेट बैंक परिसर की बाउंड्री वाल को हटाया था। प्रसारण

वहीं सड़क के दूसरे छोर पर निजी पक्का निर्माण भी सड़क के चौड़ीकरण में बाधा बन रहे थे, जिस पर आज नगर निगम का बुलडोजर चलाकर सिटी फोरलेन निर्माण में आ रही सभी बाधाएं हटा दी गई है। निगमायुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि निर्धारित चौड़ाई के अनुसार सिटी फोरलेन का निर्माण किया जा सकेगा, जिस का कार्य युद्ध स्तर पर जारी है।

प्रसारण 28/7/21

# सिटी फोरलेन अब और चौड़ा बनेगा, निगम ने हटाए निर्माण

## फोरलेन के लिए भवन मालिकों ने स्वेच्छा से दी जमीन



कान्वेंट तिराहे पर फोरलेन के लिए एसबीआइ के सामने वाले हिस्से में भी निर्माण तोड़कर जमीन ली गई। •नईदुनिया

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। सैलाना बस स्टैंड से कान्वेंट स्कूल तिराहे तक फोरलेन निर्माण में कान्वेंट तिराहे पर चौड़ाई का मसला अब पूरी तरह से सुलझ गया है। नगर निगम द्वारा एक छोर पर स्टेट बैंक आफ इंडिया के आवासीय परिसर में चार मीटर जमीन 18 जुलाई को अधिग्रहित करने के बाद मंगलवार को सामने वाले हिस्से में भी भवन स्वामियों ने स्वेच्छा से जमीन देने पर सहमति दे दी। इसके बाद शाम को निगम अमले ने इन भवनों की बाउंड्रीवाल वाला हिस्सा तोड़ दिया। अब यहां काम और तेजी से होगा।

मालूम हो कि निगम ने स्टेट बैंक आफ इंडिया प्रबंधन से चार मीटर जमीन मांगी थी, बैंक से कोई जवाब नहीं मिलने पर अधिग्रहण की कार्रवाई की गई। सिर्फ बैंक वाले हिस्से की जमीन लेने पर आपत्ति जताते हुए एसबीआइ के क्षेत्रीय

में 18 मीटर चौड़ा प्रस्तावित किया है। कान्वेंट तिराहे पर 10.25 मीटर जगह होने से एसबीआइ की चार मीटर जमीन लेने के बाद भी करीब चार मीटर की चौड़ाई कम रहेगी। यदि यहां 14.5 मीटर चौड़ी सड़क बनी तो स्थाई समस्या हो जाएगी। 18 मीटर की चौड़ाई के लिए सड़क के दोनों ओर चार-चार मीटर की जमीन समान रूप से लेना चाहिए।

### आयुक्त ने किया निरीक्षण

मंगलवार शाम को हुई कार्रवाई के दौरान निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने मास्टर प्लान अनुसार सड़क की चौड़ाई व निर्माण को लेकर निरीक्षण किया। आयुक्त ने बताया कि कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार रहवासी व दुकानदारों ने भी फोरलेन निर्माण में अपनी स्वेच्छा से सहयोग कर बाउंड्री की भूमि उपलब्ध कराई है। निरीक्षण के दौरान

## कलेक्टर कार्यालय में हुआ आयोजन

# मुख्यमंत्री ने लाडली लक्ष्मी को ऑनलाइन प्रमाण पत्र वितरित किए

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. लाडली लक्ष्मी योजना की पात्र बालिकाओं को छात्रवृत्ति एवं प्रमाण पत्र वितरण का कार्यक्रम मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान की उपस्थिति में मंगलवार को ऑनलाईन माध्यम से किया गया। इसमें प्रदेश के साथ ही रतलाम जिले में भी लाडली बेटियों एवं उनके पालकों द्वारा कार्यक्रम में हिस्सा लिया गया। जिले के एनआईसी कक्ष में आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास रजनीश सिन्हा भी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम अंतर्गत लाडली बालिका दृष्टि मल्होत्रा व अलीजा बैलीम को लाडली प्रमाण पत्र के साथ लाडली किट वितरण की। साथ ही लाडली बालिका अवनि राठौर, यशी जोशी व प्रियांशी परिहार को लाडली किट वितरण करने के साथ ही छात्रवृत्ति प्रदान की गई। बालिका जन्म को प्रोत्साहित करने के साथ ही समाज में बालिकाओं के प्रति सोच में सकारात्मक बदलाव लाए जाने की सोच पर एक पौधा बेटी के नाम थीम पर लाडली बालिकाओं के नाम पर पौधारोपण किए जाने के लिए लाडली बालिकाओं के पालकों को पौधे भी वितरित किए गए। कार्यक्रम में सहायक संचालक विभाग की अंकिता पंड्या, परियोजना अधिकारी रतलाम शहरी 1 चेतना गेहलोत, प्रभारी परियोजना अधिकारी शहरी 2 नीलम बाघेला, सुपरवाइजर मालती शर्मा, ऊषा लिंबोदिया व आंगनवाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

पत्रिका

पत्रिका 28/7/21

२०६२१

शहर की यातायात व्यवस्था चरमराई

# सभी चौड़ी सड़कें अतिक्रमण का शिकार

## यातायात पुलिस पूरी तरह निष्क्रिय, लापरवाह लोगों पर नहीं करती सख्ती

रतलाम ● शरद जोशी

रतलाम राज्य के दीवान मुंशी शामत अली ने जब रतलाम के बसाहट की योजना बनाई उस समय सारे शहर की सड़कें इतनी चौड़ी थी कि लोग रतलाम की बनावट की प्रशंसा करते थे और कहने में उनको संकोच नहीं होता था कि अन्य शहरों की तुलना में रतलाम सुंदर शहर है जहां की सड़कें चौड़ी-चौड़ी और सुव्यवस्थित है, लेकिन आज के हालात को देखते हुए यदि मुंशी शामत अली होते तो उन्हें दुख होता कि मैंने जिस रतलाम को बसाया वहां के बाशिंदों ने मेरे सपने को चकनाचूर करते हुए बढ़ते शहर को कस्बे में तब्दील कर दिया। सारी चौड़ी-चौड़ी सड़कें सड़क अतिक्रमण का शिकार होकर कस्बों की सड़कों की तरह बन गई है और कई सड़कें और बाजार तो मीना बाजार के स्वरूप में बदल गए है। इसके लिए जहां शहर के लापरवाह नागरिक जिम्मेदार है वहीं यातायात पुलिस भी पूरी तरह निष्क्रिय है। लगता ही नहीं है कि शहर





में यातायात पुलिस की कोई व्यवस्था है।

एक समय यातायात समिति द्वारा दिए गए सुझावों को अमल में लाकर शहर में मोबाइल कोट चलती थी। सड़क पर कब्जा करने वाले दुकानदारों के चालान बनते थे। बेतरतीब तरीके से खड़े वाहनों पर कार्रवाई होती थी। हर प्रमुख चौराहों पर यातायात पुलिस के

### यातायात व्यवस्था को लेकर वीडियो भी बनी थी

एक समय पुलिस अधीक्षक रहे उमेश जोगा ने रतलाम शहर की यातायात व्यवस्था को लेकर एक वीडियो बनाया था, जो शहर के नागरिकों को एक आयोजन में दिखाया भी और बताया भी कि रतलाम शहर के यातायात व्यवस्था को बाधित करने और शहर की सड़कों तथा प्रमुख बाजारों की चौड़ी सड़कों को सकरी सड़कें बनाने में व्यापारियों, ठेला गाड़ियों, रिक्शा चालकों, वाहन स्वामियों की सबसे अधिक जिम्मेदारी है और वही जिम्मेदार है चौड़ी सड़कों को सकरी सड़कों में परिवर्तित करने के लिए।

जवान नजर आते थे। सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से बनी ट्राफिक छतरियों में यातायात के जवान सफेद कपड़ों (यातायात पुलिस की ड्रेस) में चमकते थे और सड़कों पर लोग आराम से चल सकते थे। वाहन यातायात में भी कोई बाधा उत्पन्न नहीं होती थी। एकांगी मार्ग बनाए गए थे, ताकि यातायात का दबाव कम हो सके, लेकिन अब कहीं भी एकांगी मार्ग

### पुलिस को केवल चालानी कार्रवाई पर भरोसा

यातायात पुलिस या थाना क्षेत्र की पुलिस केवल चालाना बनाते हुए देखी जा सकती है। कभी यातायात को नियंत्रित करते हुए लोग कम ही देखते है। कभी मोबाइल कोर्ट निकलती हो महिनों से किसी ने नहीं देखा। माणक चौक जो शहर का अतिव्यस्त बाजार कहा जाता है वहां

बाजारों की है जहां लोगों को पैदल निकलने में भी परेशानी होती है।

चार पहिया वाहन मालिकों ने सड़कों को ही गैरेज समझ लिया

कई राज्यों में चार पहिया वाहन खरीदते समय यह शर्त भी साथ रहती है कि आपके पास स्वयं का गैरेज है अथवा नहीं। यदि गैरेज है तो ही वह वाहन खरीदने का हकदार होता है। लेकिन हमारे यहां स्थिति है कि चार पहिया वाहन मालिकों ने सड़कों को ही अपना गैरेज समझ लिया है। कई ऐसे वाहन मालिक है जिनके पास तीन-तीन, चार-चार गाड़ियां है वह सभी सड़कों पर ही खड़ी रहती है, जिससे यातायात बाधित होता है। कभी पुलिस ने ऐसे वाहन स्वामियों के चालान नहीं बनाए जो सड़क को ही गैरेज समझ बैठे है।

### अफसरों के भरोसे यातायात समिति

जब से यातायात सुरक्षा समिति अफसरों के भरोसे ही चल रही है तब से न तो यातायात पुलिस कहीं नजर आती है और ना ही यातायात छतरियों पर कोई जवान दिखता है। सभी प्रमुख चौराहों पर इस प्रकार यातायात बाधित रहता है कि लोग पैदल भी नहीं चल सकते, वाहन की तो बात ही दूर है। इसके अलावा भी जो सड़क मार्ग है उनके दोनों ओर इस तरह सड़क अतिक्रमण है। दुकानदारों ने अपनी दुकानें आगे तक बढ़ा ली हैं। दो पहिया-चार पहिया वाहन इच्छा के मुताबिक जहां चाहे खड़े हो [illegible], कोई रोकने-टोकने वाला नहीं। क्योंकि इन वाहन चालकों को किसी का भय नहीं है। जिस दुकानदार अथवा भवन स्वामी

### फोरलेन का उपयोग पार्किंग के रूप में

इन दिनों शहर में कई जगह फोरलेन बन रहे है, जहां आवश्यकता नहीं वहां भी फोरलेन बनाई जा रही है। शायद स्मार्ट सिटी के नाम पर यह योजना क्रियान्वित की जा रही है। योजना बनाने वाले और उसे क्रियान्वित करने वाले यह नहीं देख रहे है कि यह सड़के नियम के मुताबिक बनी है अथवा नहीं। सारी सड़कों के दोनों ओर दुकानदारों ने कब्जा कर रखा है, कहीं दुकान का सामान बाहर है तो कहीं पार्किंग के रूप में उसका इस्तेमाल हो रहा है। फुटपाथ पर तो पहले ही कब्जा कर रखा है। यदि शहर का भ्रमण कर स्थिति का अध्ययन किया जाए तो हमारे शहर के कर्णधार आसानी से पता लगा सकेंगे कि इस खबर में लिखी बाते सही है अथवा नहीं।

### अघोषित रिक्शा स्टैण्ड

यही अघोषित रिक्शा स्टैण्ड भी रिक्शा चालकों ने बना दिए है। जो लोगों के लिए परेशानी का कारण बने हुए है। सारे शहर में कहीं भी रिक्शा स्टैण्ड के बोर्ड नहीं लगे है। कई बार यातायात समिति की बैठक में निर्णय भी हुआ, लेकिन अमल नहीं हुआ और अब तो यातायात समिति अफसरों के भरोसे ही बनी हुई है, जिसमें कभी

# मंगलम सिटी में खुदी सीवरेज लाइन का आयुक्त ने किया निरीक्षण



**रतलाम** | अहिंसा ग्राम रोड स्थित मंगलम सिटी कॉलोनी में 600 मीटर लंबी खोदी गई सीवरेज पाइप लाइन से कॉलोनीवासी परेशान हो रहे हैं। बारिश के बाद परेशानी और समस्या ज्यादा उत्पन्न हो गई। इसको लेकर कॉलोनीवासियों ने निगमायुक्त को अवगत कराया था। शिकायत मिलने पर मंगलवार को निगमायुक्त सोमनाथ झारिया, सिटी इंजीनियर सुरेशचंद्र व्यास निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होंने वहां निरीक्षण कर संबंधित कांट्रेक्टर को शीघ्र मरम्मत के निर्देश दिए। इस दौरान कॉलोनीवासी व समिति पदाधिकारी प्रकाशचंद्र व्यास, हंसराज छाबड़ा (गोलू), वीरेंद्र यादव ने कॉलोनी में पानी की समस्या को अवगत कराया। इस पर आयुक्त ने सिटी इंजीनियर व्यास से शीघ्र कार्रवाई के लिए निर्देशित किया।

दै. भास्कर 28/7/21

# आज शहर के तीन कॉलेजों में किया जाएगा वैक्सीनेशन

रतलाम | बुधवार को तीन कॉलेजों में स्टूडेंट को वैक्सीन लगाई जाएगी। स्टूडेंट को आईडी लेकर पहुंचना होगा।

बुधवार को जिले के 102 केंद्रों पर वैक्सीनेशन किया जाएगा। इन केंद्रों पर 25 हजार वैक्सीन के डोज लगाए जाएंगे। शहर में वैक्सीनेशन के लिए 16 केंद्र बनाए गए हैं। आईएमए हॉल राजेंद्र नगर और डीआरएम ऑफिस दो बत्ती पर केवल को-वैक्सीन का पहला और दूसरा डोज लगाए जाएंगे। के आर्ट्स एंड साइंस कॉलेज, शासकीय गर्ल्स कॉलेज, शासकीय कॉमर्स कॉलेज में कोविशील्ड का वैक्सीनेशन किया जाएगा।

## शहर में बिना स्लॉट बुकिंग के भी लगेगी वैक्सीन

**विदेश यात्रा करने वाले न्यू कलेक्टोरेट में लगवाएं :** विदेश यात्रा करने वाले लोग कोविशील्ड का टीका न्यू कलेक्टोरेट में लगवा सकते हैं। शहर के अलकापुरी कम्युनिटी हॉल और माहेश्वरी भवन कसारा बाजार में कोविशिल्ड का केवल दूसरा डोज लगाया जाएगा। शहर के शिव नगर स्कूल, मांगलिक भवन सुभाष नगर, जावरा फाटक हॉल, जमातखाना शेरानीपुरा, मोमिनपुरा मसजिद हॉल, शासकीय स्कूल बिरियाखेड़ी, जामिया सेमरूल शरीफ मदरसा अशोक नगर, शासकीय विद्यालय ईश्वर नगर के केंद्रों पर कोविशिल्ड का पहला डोज लगाया जाएगा। 28 जुलाई के सत्र के लिए किसी भी तरह की ऑनलाइन स्लॉट बुकिंग की जरूरत नहीं है। आधार कार्ड और मोबाइल नंबर से सीधे टीका लग सकेगा।

**समीक्षा** • ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति के अनुमोदन पर योजना का क्रियान्वयन होगा

# जल जीवन मिशन के सोशल फीडबैक में पूछेंगे- घरों में नल लगे या नहीं

### ग्रामीणों से फीडबैक लेकर बनाएंगे एस्टीमेट

भास्कर संवाददाता | रतलाम

जल जीवन मिशन के तहत अब तक जिन योजनाओं का काम पूरा हो चुका है, उनका सोशल फीडबैक लिया जाएगा। खास तौर पर महिलाओं से पूछा जाएगा कि उनके परिवार को योजना से लाभ मिला है या नहीं। घरों में नल लग चुके हैं। वहीं ग्राम समिति के अनुमोदन के बगैर योजना का क्रियान्वयन नहीं होगा।

मंगलवार को लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के तहत जल जीवन मिशन के क्रियान्वयन की समीक्षा कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने की। कलेक्टर ने कहा कार्यपालन यंत्री बगैर ग्राम समिति के अनुमोदन के कोई भी फाइल आगे नहीं बढ़ाएं। बैठक में सीईओ जिला पंचायत मीनाक्षी सिंह, कार्यपालन यंत्री पीएचई पीके गोगादे, जिला जल सलाहकार आनंद व्यास व उपयंत्री मौजूद थे। कलेक्टर ने कहा जो भी योजनाएं क्रियान्वित की जाएं, उनके संबंध में पहले से ग्रामीणों से फीडबैक लेते हुए एस्टीमेट तैयार किया जाए। बगैर ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक के योजना तैयार नहीं की जाए, समिति की बैठक की प्रोसीडिंग भी तैयार की जाए। जिन काम की डीपीआर स्वीकृत नहीं हुई है उनका पुनः रिव्यू किया जाए। देखा जाए कि योजना के लिए समुचित पेयजल स्त्रोत उपलब्ध है या नहीं।

ग्रामीण महिलाओं से जानकारी ली जाएगी कि कितने घरों में नल कनेक्शन हुए हैं, कितनों में नहीं हुए हैं। नलों में पानी आता है या नहीं। जल जीवन मिशन के तहत जिले की शालाओं व आंगनवाड़ियों में 15 अगस्त तक काम पूरा करने का कहा।

### हेड क्वार्टर पर रहें, शिकायत मिली तो उपयंत्री व डीपीसी पर कार्रवाई होगी

रतलाम | कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने मंगलवार को जिला शिक्षा केंद्र द्वारा संचालित निर्माण कार्यों की समीक्षा की। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिला शिक्षा केंद्र द्वारा संचालित निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। जिस वित्तीय वर्ष में कार्य स्वीकृत होता है उसी वित्तीय वर्ष में पूर्ण किया जाए। उपयंत्रियों से कहा कि वे अपने हेडक्वार्टर पर रहें, आइंदा से शिकायत आएगी तो उपयंत्री के साथ-साथ डीपीसी के विरुद्ध भी कार्रवाई की जाएगी।

वर्ष 2020-21 के कार्यों को छोड़कर बाकी सभी पेंडिंग कार्य 31 अगस्त की समय सीमा में पूर्ण कर लिए जाएं। अन्यथा संबंधित बीआरसी तथा उपयंत्रियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। सहायक यंत्री को निर्देशित किया कि वे सभी कार्यों की मॉनिटरिंग करें। कार्य में लापरवाही बरतने पर बाजना के उपयंत्री के प्रति नाराजगी व्यक्त करते हुए उनकी सेवा समाप्ति का नोटिस जारी करने का निर्देश दिए। निर्माण कार्यों की नियमित समीक्षा नहीं करने पर कलेक्टर द्वारा डीपीसी एमएल सांसरी के प्रति भी सख्त नाराजगी व्यक्त की गई। सीईओ जिला पंचायत मीनाक्षीसिंह सहित अन्य अधिकारी बैठक में मौजूद थे।

भास्कर

दै. भास्कर 28/7/21

# शहर में 16 केंद्रों सहित जिले में 102 स्थानों पर आज वैक्सीनेशन

**महाभियान** ● 25 हजार टीके लगाने का लक्ष्य, 20810 लोगों को पहली और 4190 लोगों को दूसरी डोज लगाई जाएगी

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। कोरोना वैक्सीनेशन अभियान में बुधवार को जिले में 20810 लोगों को पहला व 4190 लोगों को दूसरा डोज लगाने का लक्ष्य है। इसके लिए कुल 102 केंद्र बनाए गए हैं। शहर में 16 केंद्रों पर वैक्सीनेशन किया जाएगा।

### शहर में इस तरह रहेगी व्यवस्था

- **कोवैक्सीन पहली और दूसरी डोज** : आइरमर हाल राजेंद्र नगर और डीआरएम आफिस दो बती रोड केंद्र पर।
- **विद्यार्थी और कालेज स्टाफ** : आर्ट्स एंड साइंस कालेज, शासकीय गर्ल्स कालेज, शासकीय कामर्स कालेज पर कोविशील्ड का वैक्सीनेशन किया जाएगा।
- विद्यार्थियों को अपना आइडी लेकर आना होगा।
- **विदेश यात्रा करने वाले** : नए कलेक्टोरेट भवन पर।
- **कोविशील्ड दूसरी डोज** : अलकापुरी कम्युनिटी हाल और माहेश्वरी भवन कसेरा बाजार।
- **कोविशील्ड पहली डोज** : शिव नगर स्कूल, मांगलिक भवन सुभाष नगर, जावरा फाटक हाल जावरा फाटक, जमातखाना शेरानीपुरा, मोमिनपुरा मस्जिद हाल, शासकीय स्कूल विरियाखेड़ी, जामिया सेमरुल वरीफ मदरसा अशोक नगर, शासकीय विद्यालय ईश्वर नगर। आनलाइन बुकिंग की आवश्यकता नहीं है। आधार कार्ड और मोबाइल के आधार पर सीधे वैक्सीनेशन किया जाएगा।

### जिले में इन स्थानों पर होगा वैक्सीनेशन

**सैलाना क्षेत्र** : शिवगढ़, सरवन, करिया, वासिंद्रा, बल्लीखेड़ा, केलदा, बागरियों की खेड़ी, सासर, इंद्राकल खुर्द, अमरगढ़, ठीकरिया सूंडी, नारायणगढ़ के केंद्रों पर कोविशील्ड का पहला टीका लगाया जाएगा।


**रतलाम ग्रामीण क्षेत्र** : नलकुई, देवल, अंबोदिया, सेमलिया, उसरगार, सिनोद, जुलवानिया, जामथुन, कलमोड़ा, बड़ौदा, भाटी बड़ौदिया, धोलका, सेवरिया, नौगांवकलां, बंबोरी, संदला, धराड़, बांगरोद में कोविशील्ड का पहला और दूसरा डोज लगाया जाएगा।

**पिपलौदा क्षेत्र** : प्राइमरी स्कूल भाटखेड़ी, पंचायत भवन अथाना, चौरासी बड़ायला, चिकलाना और डाइट कालेज पिपलौदा पर कोविशील्ड की पहली और दूसरी डोज लगाई जाएगी।

**जावरा क्षेत्र** : 12 केंद्र आनलाइन प्री स्लाट बुकिंग के लिए निर्धारित किए गए हैं। भगतसिंह कालेज जावरा केंद्र पर केवल कालेज विद्यार्थी और स्टाफ को कोविशील्ड का पहला डोज व लायंस क्लब हाल जावरा पर दूसरा डोज लगेगा ग्राम पंचायत लोद, मार्तण्डगंज, झलवा, पाताखेड़ी, बर्डोलिया पर वैक्सीनेशन किया जाएगा।

**आलोट क्षेत्र** : उत्कर्ष विद्यालय आलोट, नारायणी स्कूल, विवेकानंद स्कूल, सामुदायिक भवन आलोट, पोरवाल धर्मशाला ताल, शासकीय बालक हायर सेकेंडरी स्कूल ताल, आल ग्रेट पब्लिक स्कूल ताल, ग्राम पंचायत शीशा खेड़ी, लुनी, मनुनिया महादेव, करवा खेड़ी, पाटन, डाबड़िया पर वैक्सीनेशन किया जाएगा।

**बाजना क्षेत्र** : कोटड़ा, सिंगल, दिवेल, पटलिया, बिलड़ी, तंबोलिया, बरखेड़ा, रूपापाड़ा, बालक छात्रावास क्रमांक रावटी, जंबु खादन, चंद्रगढ़ ढोली, खेरदा, रतनगढ़ पीठ, देवली, झरनिया ऊंकाला, कुंदनपुर, मांगलिक भवन बाजना।



रेलवे अधिकारी सभागृह के बाहर दिव्यांग शांतिबाई को टीका लगाती हुई स्वास्थ्यकर्मी मनीषा। ●नईदुनिया

**वैक्सीनेशन में सर्वे को लेकर बीएलओ ने जताई नाराजगी** : शहर में कोरोना वैक्सीनेशन को लेकर घर-घर सर्वे करने व शेष बचे लोगों को वैक्सीनेशन के लिए फोन लगाने की व्यवस्था पर बीएलओ ने नाराजगी जाहिर की है। मंगलवार को कर्मचारी नेता तेजपालसिंह राणावत के साथ बीएलओ ने तहसीलदार शहर गोपाल सोनी के समक्ष आपत्ति जताई और बताया कि सर्वे में लोग अपने मोबाइल नंबर नहीं दे रहे हैं। इस तरह से बार-बार सर्वे करना संभव नहीं है। तहसीलदार सोनी ने कहा कि 45 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में 60 प्रतिशत लोगों को टीका लग चुका है, शेष चालीस प्रतिशत को लाना है। यह काम मतदाता सूची अपडेट करने जैसा ही है। समझाइश के बाद भी बीएलओ ने असमर्थता जताई और वापस चले गए।

नईदुनिया 28/7/21

राज्य चुनाव आयोग ने हाईकोर्ट में कहा

# कोरोना की तीसरी लहर के आकलन के बाद ही कराएंगे निकाय चुनाव

भास्कर न्यूज | जबलपुर

मप्र हाईकोर्ट में मंगलवार को राज्य चुनाव आयोग ने कहा कि कोरोना की तीसरी लहर का आकलन करने के बाद ही स्थानीय निकाय के चुनाव कराए जाएंगे। फिलहाल अभी चुनाव की अधिसूचना जारी नहीं की गई है, केवल तैयारी चल रही है। जब भी चुनाव कराए जाएंगे, आम लोगों की सुरक्षा का पूरा ध्यान रखा जाएगा और कोविड गाइडलाइन का पालन किया जाएगा। चुनाव का निर्णय राज्य सरकार की सहमति से लिया जाएगा। जस्टिस प्रकाश श्रीवास्तव और जस्टिस वीरेंदर सिंह की डिवीजन बैंच ने राज्य चुनाव आयोग के स्टेटमेंट को रिकॉर्ड पर लेकर याचिका का निराकरण कर दिया है। यह जनहित याचिका नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच के डॉ. पीजी नाजपांडे और रजत भार्गव ने दायर की थी। इसमें में कोरोना की तीसरी लहर की समाप्ति तक स्थानीय निकाय चुनाव पर रोक लगाने का अनुरोध किया गया। राज्य चुनाव आयोग के अधिवक्ता सिद्धार्थ सेठ ने डिवीजन बैंच को बताया कि निर्धारित समय पर चुनाव कराना चुनाव आयोग का संवैधानिक दायित्व है। फिलहाल अभी स्थानीय निकाय चुनाव की अधिसूचना जारी नहीं की गई है। कोरोना की तीसरी लहर का आकलन करने के बाद ही चुनाव कराए जाएंगे। स्थानीय निकाय चुनाव के आरक्षण और परिसीमन को लेकर हाईकोर्ट की मुख्य पीठ जबलपुर, इंदौर और ग्वालियर खंडपीठ ने कई मामलों में स्थगन आदेश जारी किया है।

दै. भास्कर २8/7/२1

# अब 7 अगस्त तक हो सकेंगे तबादले



## मंत्रिपरिषद की बैठक में सरकार ने बढ़ाई समय सीमा

**भोपाल, 27 जुलाई . मध्यप्रदेश में अब 7 अगस्त तक सरकारी अधिकारियों कर्मचारियों के तबादले हो सकेंगे. सरकार ने तबादलों से 7 अगस्त तक बैन हटा दिया है.**

मंगलवार को हुई शिवराज कैबिनेट की बैठक में इस सिलसिले में ये अहम फैसला लिया. कैबिनेट ने तबादलों की समय सीमा को 31 जुलाई से बढ़ाकर 7 अगस्त कर दिया है. इससे पहले सरकार ने प्रदेश में 1 जुलाई से 31 जुलाई के बीच तबादलों से प्रतिबंध हटाया था. ये समय सीमा खत्म होने को आ रही है लेकिन अधिकारियों कर्मचारियों के तबादलों की सूची अब तक जारी नहीं हो पा रही थी. बता दें मध्य प्रदेश में सरकार ने एक जुलाई से 31 जुलाई के बीच में तबादलों से लगा प्रतिबंध हटाया था और इसके लिए बाकायदा एक नीति भी जारी की थी. एक जुलाई से प्रतिबंध हटने के बावजूद 27 जुलाई तक भी सूचियां विभागों में ही अटकी हुई हैं और 31 जुलाई आने में महज 4 दिन बचे हैं. ऐसे में पहले से ये अनुमान लगाया जाने लगा था कि सरकार तबादले से हटे प्रतिबंध की समय सीमा बढ़ा सकती है. નવભારત

### दंत चिकित्सकों के 419 पद स्वीकृत

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में आज मंत्रालय में मंत्रिपरिषद की बैठक में लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के तहत संचालनालय स्वास्थ्य सेवाएँ के लिए 419 पद स्वीकृत करने की मंजूरी दी गई . इन पदों पर भर्ती आगामी तीन वर्षों में चरणबद्ध तरीके से की जायेगी .इसमें संयुक्त संचालक दंत स्वास्थ्य, उप संचालक दंत स्वास्थ्य के एक-एक पद तथा संभागीय कार्यालय स्तर पर उप संचालक दंत स्वास्थ्य के 7 पद और शहरी क्षेत्र में जिला चिकित्सालय में दंत विशेषज्ञ के 34 पद, दंत चिकित्सक के 46 पद, इस प्रकार कुल 89 पद निर्मित किये जायेंगे . ग्रामीण क्षेत्र में 330 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में दंत चिकित्सकों के 330 पद निर्मित किये जायेंगे . मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने बताया कि सीएम शिवराज सिंह ने प्रधानमंत्री मोदी द्वारा अन्न उत्सव कार्यक्रम की जानकारी दी और 7 अगस्त को होने वाले अन्न उत्सव की समीक्षा भी की. बता दें कि मध्य प्रदेश के 25,435 दुकानों पर उत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा . इसके लिए हर दुकान के लिए एक नोडल अधिकारी की नियुक्ति की जाएगी .

નવભારત ૨૮/૭/૨૧

# विधायक के निरीक्षण के बाद अब निगम ने बनाए प्रस्ताव



रतलाम. शहर के लोगों को शहर की जर्जर सड़क के सुधार के लिए फिलहाल इंतजार करना होगा। इसकी वजह यह है कि जिन 126 किमी की सड़कों का निरीक्षण शहर विधायक चेतन्य काश्यप ने नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के साथ किया था, अब उनकी धरातल की जानकारी के लिए निगम ने इंजीनियरों से जानकारी मांगने का प्रस्ताव तैयार किया है। प्रस्ताव पर जानकारी आने के बाद टेंडर निकाले जाएंगे। इन सब प्रकिया में करीब 4 माह का समय लगेगा।

शहर में चारों कोनो की बात हो या मध्य शहर की, कोई कॉलोनी की बात हो या चौराहे की, कही की भी सड़क अब सुरक्षित नहीं रह गई है। असल में सीवरेज के कार्य के दौरान हुए गड्ढे निगम भर भी नहीं पाया व बारिश ने शहर की सड़कों को और जर्जर कर दिया है। अमृत सागर रोड की सबसे अधिक खराब स्थिति है। यहां पर आसपास के ग्रामीण बड़ी संख्या में आने जाने के लिए सड़क का उपयोग करते है इसके अलावा आसपास की करीब 25 कॉलोनियों के रहवासी भी इस मार्ग का उपयोग करते है। इसके बाद भी यहां जर्जर हालात सुधारे नही जा रहे है। जितेंद्र कुमार, प्रदीप सोलंकी, गोपाल टेलर सहित कई रहवासियों ने अधिकारियों को इस बारे में सूचना दी, लेकिन सड़क सुधार नहीं हो रही है।

पत्रिका 28/7/21

प्रसारण

# मंगलमसिटी में खुदी सीवरेज पाइप लाइन का आयुक्त ने निरीक्षण किया

## कांट्रेक्टर को शीघ्र मरम्मत हेतु निर्देश दिए

प्रसारण न्यूज़ • रतलाम

अहिंसा ग्राम रोड स्थित मंगलम सिटी मेन रोड कॉलोनी में 600 मीटर लंबी खोदी गई सीवरेज पाइप लाइन जिससे कॉलोनी वासियों के आवागमन में पिछले 3 दिन की भारी वर्षा के बाद परेशानी एवं समस्या उत्पन्न हो गई थी, जिसका निरीक्षण करने नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया, सिटी इंजीनियर सुरेश चंद्र व्यास ने संयुक्त निरीक्षण कर कांट्रेक्टर को शीघ्र मरम्मत करने के लिए निर्देशित किया, जिससे रोड कॉलोनी वासियों के सुचारू आवागमन के लिए के लिए उपलब्ध हो सके। इस अवसर पर कॉलोनीवासी एवं समिति पदाधिकारी प्रकाश चंद्र व्यास हंसराज छाबड़ा (गोलू) वीरेंद्र यादव ने कॉलोनी



की पानी की समस्या को भी अवगत कराया, जिस पर आयुक्त महोदय ने सिटी इंजीनियर श्री व्यास से शीघ्र कार्रवाई हेतु निर्देशित किया!

श्री व्यास ने कॉलोनी की साफ-सफाई एवं कॉलोनी में स्थित बगीचों की एक बार सफाई पर भी चर्चा की जिससे कॉलोनी स्वच्छ एवं सुंदर रहे।

प्रसारण 28/7/21

# मंगलमसिटी में खुदी सीवरेज पाइप लाइन का आयुक्त ने निरीक्षण किया

रतलाम ● अहिंसा ग्राम रोड स्थित मंगलम सिटी मेन रोड कॉलोनी में 600 मीटर लंबी खोदी गई सीवरेज पाइप लाइन जिससे कॉलोनी वासियों के आवागमन में पिछले 3 दिन की भारी वर्षा के बाद परेशानी एवं समस्या उत्पन्न हो गई थी। नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया, सिटी इंजीनियर सुरेशचंद्र व्यास ने संयुक्त निरीक्षण कर कांट्रेक्टर को शीघ्र मरम्मत करने के लिए निर्देशित किया जिससे रोड कॉलोनी वासियों के सुचारू आवागमन के लिए उपलब्ध हो सके। इस अवसर पर कॉलोनीवासी एवं समिति पदाधिकारी प्रकाशचंद्र व्यास, हंसराज छाबड़ा (गोलू) ,वीरेंद्र यादव ने कॉलोनी की पानी की समस्या को भी अवगत कराया, जिस पर आयुक्त ने श्री व्यास से शीघ्र कार्रवाई हेतु निर्देशित किया। श्री व्यास ने कॉलोनी की साफ-सफाई एवं कॉलोनी में स्थित बगीचों की एक बार सफाई पर भी चर्चा की जिससे कॉलोनी स्वच्छ एवं सुंदर रहे।

स्वदेश

स्वदेश 28/7/21

# प्रदेश में अभी नहीं होंगे स्थानीय निकाय चुनाव

## निर्वाचन

- जब भी चुनाव कराए जाएंगे, कोविड से सुरक्षा का ख्याल रखा जाएगा
- राज्य निर्वाचन आयोग ने हाई कोर्ट में पेश किया जवाब

जबलपुर (नईदुनिया प्रतिनिधि)। मध्य प्रदेश हाई कोर्ट में राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से मंगलवार को जवाब पेश करते हुए स्पष्ट किया गया कि फिलहाल राज्य में स्थानीय निकाय चुनाव नहीं होंगे। अभी पूर्व तैयारियां ही चल रही हैं। चुनाव कराने का फैसला जनहित को ध्यान में रखकर सरकार की सहमति के बाद ही लिया जाएगा। जब भी चुनाव कराए जाएंगे, कोविड से सुरक्षा का पूरा ख्याल रखा जाएगा क्योंकि मानव जीवन सर्वोपरि है। प्रशासनिक न्यायाधीश प्रकाश श्रीवास्तव व जस्टिस वीरेंदर सिंह की युगलपीठ ने उक्त जवाब को रिकॉर्ड पर लेकर चुनाव रोकने के संबंध में दायर एक जनहित याचिका का पटाक्षेप कर दिया।

नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच, जबलपुर के प्रांताध्यक्ष डॉ. पीजी नाजपांडे व सामाजिक कार्यकर्ता रजत भार्गव की ओर से दायर इस याचिका में कहा गया था कि इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आइएमए) और विश्व स्वास्थ्य संगठन की चेतावनी के अनुसार कोरोना की तीसरी लहर जल्द आ सकती है। प्रदेश के 27 जिलों में कोरोना का डेल्टा वेरिएंट फैल चुका है। ऐसे में यदि स्थानीय निकायों के चुनाव करवाए गए तो यह कोरोना के सुपर स्प्रेडर यानी तेजी से संक्रमण फैलाने वाला साबित की ओर से अधिवक्ता दिनेश उपाध्याय ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि राज्य निर्वाचन आयोग ने 15 जुलाई को बैठक कर स्थानीय निकाय चुनाव की तैयारी शुरू करने के निर्देश दिए हैं। 15 सितंबर से 347 नगरीय निकाय और दिसंबर से पंचायतों के चुनाव की प्रक्रिया शुरू करने की बात कही गई। यह स्थिति कोरोना की तीसरी लहर की रोकथाम के लिए खतरनाक होगी। इसके पूर्व बंगाल, केरल, तमिलनाडु, मिजोरम और असम के चुनाव में बड़ी संख्या में कोरोना के मरीज बढ़ गए थे। मध्य प्रदेश के दमोह विधानसभा उपचुनाव के दौरान बड़ी संख्या में कोरोना से मौत हुई थी। सुप्रीम कोर्ट ने भी उत्तर प्रदेश में कांवड़ यात्रा रोकने के निर्देश दिए हैं। याचिका पर हाई कोर्ट ने राज्य निर्वाचन आयोग से जवाब मांगा था।

आयोग की ओर से अधिवक्ता सिद्धार्थ सेठ ने जवाब पेश कर बताया कि वर्तमान परिस्थितियों के मद्देनजर फिलहाल निकाय चुनाव कराने की कोई

## बाढ़ नियंत्रण कक्ष व आश्रय स्थल बनाए

रतलाम। अति वृष्टि के दौरान उत्पन्न होने वाली संभावित परिस्थितियों से निपटने एवं आपदा प्रबंधन के लिए निगम स्तर पर की जाने वाली व्यवस्थाओं के संबंध में निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने निगम मे विभिन्न विभागों के अधिकारियों तथा कर्मचारियों को पाबंद किया है। निगम आयुक्त झारिया द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत जीर्ण-शीर्ण भवनों को चिन्हित किया जाकर भवन स्वामी को नोटिस दिये जाने तथा क्षतिग्रस्त पुलियाओं को चिन्हित कर रेडियम लगाने के निर्देश के साथ जल प्लावन रोकने तथा पानी के बहाव में अवरोध उत्पन्न करने वाले नाला एवं नालियों के अतिक्रमण चिन्हित कर हटाये जाने तथा शहर के नाले नालियों एवं वाल के चेम्बरों पर लगे ढक्कन व फर्सी इत्यादि खुली न रहे इसकी व्यवस्था किये जाने की जिम्मेदारी लोक निर्माण विभाग एवं कर्मशाला विभाग को सौंपी है। अति वृष्टि हेतु 8 आश्रय स्थल बनाये जाकर कर्मचारियों की नियुक्ति की गई है

पीपुल्स 28/7/21

## पूर्व निगम कमिश्नर एसके सिंह के खिलाफ लोकायुक्त को शिकायत

रतलाम | भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य प्रभु नेका एवं सामाजिक कार्यकर्ता मधु शिरोड़कर ने लोकायुक्त एसपी को पूर्व नगर निगम कमिश्नर एसके सिंह के खिलाफ शिकायत की है। शिकायत में बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बंजली में बिल्डिंग बनाई जा रही है। बिल्डिंग का निर्माण रेरा की अनुमति के बाद करना था लेकिन रेरा की बगैर अनुमति के ही निर्माण शुरू कर दिया और 15 करोड़ का भुगतान भी कर दिया जो नियमों का उल्लंघन है। इससे पूर्व नगर निगम आयुक्त के

**सत्यापन को लेकर बीएलओ और तहसीलदार आमने-सामने**

# बीएलओ ने तहसील कार्यालय पहुंचकर तहसीलदार से कहा नहीं करेंगे सत्यापन, तहसीलदार बोले करना पड़ेगा

पत्रिका लाइव स्टोरी



रतलाम. जिले में चल रहे वैक्सीनेशन को लेकर बूथ स्तर पर बीएलओ को सौंपी गई जिम्मेदारी के बाद अब प्रशासन का अमला ही उनके सामने हो रहा है। ऐसा ही एक मामला मंगलवार दोपहर कलेक्टर कार्यालय में देखने को मिला जब सभी बीएलओ ने यहां आकर तहसीलदार के समक्ष अपनी परेशानी बताई और घर घर जाकर सत्यापन करने की बात से इनकार कर दिया। बीएलओ की यह बात सुनकर तहसीलदार ने नाराजगी जताई और कहा कि यह सरकार का काम है, किसी के घर का काम नहीं है इसलिए काम तो करना ही होगा।

जिले में चल रहे वैक्सीनेशन के दौरान कितने घरों के अंदर कितने लोगों ने वैक्सीन लगवाए और कितने लोगों का वैक्सीनेशन होना बचा है, इस बात के सत्यापन को लेकर प्रशासन के नुमाइंदे अब प्रशासन के ही सामने हो गए हैं। दरअसल हर थोड़े दिन में कुछ नए नियमों के सामने आने से ही यह परिस्थिति बनी है जिससे कि बूथ लेवल पर जिन बीएलओ को इस काम की जिम्मेदारी सौंपी गई है वह नाराज हो गए हैं।

दरअसल प्रशासन का कहना है कि बीएलओ अपने क्षेत्र के बूथ पर कितने मतदाता हैं और कितने लोगों को वैक्सीन लग चुका है और कितने को नहीं यह बताएं। इसके लिए लोगों को फोन लगाकर वैक्सीनेशन के लिए केंद्रों पर आने की हिदायत दे और परिवार में कितने लोगों को वैक्सीन लग गया यह भी पता करें। यदि फोन पर जानकारी नहीं मिल रही है तो घर घर जाकर इस बात का सत्यापन किया जाए।

## लोग नहीं देते नंबर

तहसील कार्यालय पहुंचे बीएलओ से तहसीलदार गोपाल सोनी ने जब लोगों के घरों पर जाकर उनके मोबाइल नंबर लाने की बात कही तो बीएलओ का कहना था कि लोग अपने मोबाइल नंबर नहीं देते हैं। पूर्व में भी इसे लेकर काफी परेशानियों का उन्हें सामना करना पड़ा था। लोग अपनी व्यक्तिगत जानकारी देने में कतराते हैं और विवाद करते हैं। कई लोगों के मोबाइल नंबर बदल चुके हैं इसलिए फोन पर भी उनसे संपर्क नहीं हो पाएगा।

## तो कैसे होगा काम

तहसीलदार ने जब बीएलओ से पूछा कि यदि इस तरह से जवाब देंगे तो काम कैसे चलेगा, आपकी परेशानी तो आप ही कोई रास्ता बताएं कैसे आप काम कर सकते हैं। इस पर बीएलओ का कहना था कि यह हम नहीं यह तो आप बताओ कि हम कैसे काम करें, आप अधिकारी हो। काफी देर तक चली बहस के बाद बीएलओ द्वारा अपनी परेशानी से जुड़ा एक पत्र तहसीलदार को सौंपने की बात कही वह सभी चले गए। पत्रिका

पत्रिका 28/7/21

# आज गर्भवती को टीके

रतलाम,नप्र। आज यहां गर्भवती महिलाओं और धात्री माताओं को टीके लग रहे है।

शहर के एमसीएच अस्पताल, सिविल अस्पताल जावरा, सिविल अस्पताल आलोट, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बाजना, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सैलाना, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पिपलौदा, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नामली, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खारवाकलां, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ताल में गर्भवती महिलाओं को टीके लगाए जा रहे है। आज इन सभी जगह को वेक्सीन के टीके लग रहे है। सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर ननावरे ने बताया कि गर्भवती महिलाओं को कोविड19 टीकाकरण गर्भावस्था के दौरान किसी भी समय लगवाया जा सकता है । टीकाकरण कराने के लिए गर्भवती महिला को किसी भी प्रकार की प्रि ऑन लाइन स्लॉट बुकिंग कराने की जरूरत नहीं है। गर्भवती महिलाओं को वैक्सीनेशन केन्द्र पर अपना आधार कार्ड और मोबाइल लेकर आना होगा। वैक्सीनेशन केन्द्र पर सीधे ऑन स्पॉट बुकिंग कर टीकाकरण किया जाएगा। टीकाकरण केन्द्र पर टीका लगाने के लिए आने वाली गर्भवती महिलाओं का अलग से रिकॉर्ड भी संधारित किया जाएगा तथा सुमन हेल्पडेस्क के माध्यम से उनका फॉलोअप किया जाएगा। टीकाकरण अधिकारी वर्षा कुरील ने बताया कि टीका गर्भवती महिला और बच्चे दोनों के लिए सुरक्षित है।

## नामली में दो सौ टीके

नामली, निप्र। शिक्षक-शिक्षिकाओं को टीके लगाए जाने के लिए विशेष केम्प लगाया। नामली, सेमलिया, पल्दूना, पंचेड़ क्षेत्रों के कर्मचारी टीके लगाने के लिए नामली पहुंचे। निजी स्कूलों के शिक्षक-शिक्षिकाएं भी यहां पहुंचे। छात्रावास भवन के टीकाकरण में गांव के लोग भी पहुंचे जिन्हें भी टीके लगाए। रेणुका बामनिया ने बताया कि कल यहां दो सौ टीके लगाए गए।



२७/७/२१

# टीके के लिए कॉल पहुंचे

रतलाम, नप्र। वैक्सीनेशन कार्यक्रम की समीक्षा दौरान कलेक्टर ने निर्देश दिए कि रतलाम शहर में एक ही दिन में ज्यादा की तादात में वैक्सीनेशन के लिए प्लानिंग की जाए। बूथ लेवल अधिकारी इस प्रकार अपने काम पर फोकस करें कि उनकी पूछताछ के लिए कॉल घर पर पहुंचे कि आपके घर में टीका हुआ है या नहीं। एसडीएम शहर को निर्देश दिए कि वैक्सीनेशन डाटा अपडेट रखें। तहसीलदार शहर को निर्देशित किया कि उनके पास सूची उपलब्ध रहे तथा उनको पता हो कि कितने लोगों को टीके लगे है। जावरा शहर एसडीएम को निर्देशित किया कि शीघ्र-अतिशीघ्र जावरा शहर में शत प्रतिशत लोगों का टीके लगा दिए जाए। शहर के बारे में बताया कि 18 प्लस वाले 98 हजार को टीका लगा दिए है तथा 44 प्लस वाले 65 हजार को टीकाकृत कर दिए गए हैं।

बगैर संसाधन कैसे होगा शहर स्वच्छता में नंबर एक

# 49 वार्ड की 22 मैजिक व 22 हाथ ठेला गाड़ी के हाल कंडम

पत्रिका अभियान

**रतलाम.** 49 वार्ड में दो साल पहले दिए गए 65 में से 22 मैजिक वाहन व 22 हाथ ठेला गाड़ी कंडम होकर नगर निगम में पड़े हैं। शहर को स्वच्छता की दिशा में नंबर एक बनाने की मेहनत कर रहे नगर निगम के आला अधिकारियों को इस बात की जानकारी ही नहीं है। ऐसे में वार्ड में कचरा नहीं उठने पर कर्मचारियों को तो दंडित करने का क्रम जारी है, लेकिन संसाधन सुधारने की दिशा में अब तक कोई कदम नहीं उठाया गया है।

नगर निगम दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी से सफाई में पूरा काम चाहती है, पर संसाधन के नाम पर हाथ खाली है। यह ठीक वैसा ही जैसे किसी को युध्द के मैदान में खाली हाथ भेजा जाए व बोला जाए जीतकर आना है।

**- हितेश पेमाल,** अध्यक्ष, शहर कांग्रेस अनुसूचित जाती विभाग



## हाथ ठेला गाड़ी नहीं सुधरेगी



नगर निगम के 49 वार्ड के अंतर्गत हर वार्ड में एक से लेकर दो हाथ ठेला गाड़ी दो वर्ष पहले दी गई। नियम अनुसार इनमें खराबी आने पर सुधारने का काम कर्मशाला विभाग को करना है, लेकिन यहां के कर्मचारियों की माने तो उनके पास इनको सुधारने का संसाधन ही नहीं है। इसलिए जितनी भी हाथ ठेला गाड़ी सुधरने के लिए आती है वो ठीक होने के अभाव में थोड़े दिन बाद कंडम हो जाती है। पत्रिका

## दावे से अलग हकीकत



49 वार्डों के लिए 65 मैजिक वाहन चलाने का दावा किया जाता है। इन वाहनों से शहर में घर घर कचरा कलेक्ट किए जाने का दावा होता है। इसके विपरीत हकीकत यह है कि नगर निगम में 22 मैजिक वाहन को कर्मशाला व इसके पास के खाली पड़े मैदान में पड़े हुए है। टायर खराब है तो किसी में बैटरी खराब हो गई है। इतना ही नहीं, किसी वाहन को मात्र सेल्फ स्टार्ट खराब होने की वजह से मैदान में से हटा दिया गया है।

पत्रिका 28/7/21

# जानेंगे जल जीवन मिशन की हकीकत



कलेक्टोरेट सभागार में बैठक को संबोधित करते हुए कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम। •नईदुनिया

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। जल जीवन मिशन में जिन योजनाओं का कार्य पूरा हो चुका है उनका सोशल फीडबैक लिया जाएगा। महिलाओं से पूछा जाएगा कि उनके परिवार योजना से लाभान्वित हुए हैं अथवा नहीं। घरों में नल लगे अथवा नहीं।

यह निर्देश मंगलवार को जल जीवन मिशन के क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने दिए। मिशन के अंतर्गत कोई भी योजना बगैर ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति के अनुमोदन के क्रियान्वित नहीं की जाएगी। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि ग्रामीणों से फीडबैक लेकर योजनाएं क्रियान्वित की जाएं। उपयंत्रियों से कलेक्टर ने पूछा कि वे संबंधित ग्राम में जाते हैं अथवा नहीं। जिन कार्यों की डीपीआर स्वीकृत नहीं हुई है उनका पुनः रिव्यू किया जाए। बताया गया कि अब तक की गई योजनाओं का सोशल फीडबैक तहसीलदार, नायब तहसीलदार और जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों द्वारा प्राप्त किया जा रहा है। जल जीवन मिशन के तहत जिले की शालाओं तथा आंगनवाड़ियों में 15 अगस्त तक कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में बताया गया कि जल जीवन मिशन की कुल 186 में से 41 योजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं। 139 योजनाएं प्रगतिरत हैं। सांसद आदर्श ग्राम योजना के अंतर्गत जिले के आलोट, जावरा, बाजना में 3 योजनाएं प्रगतिरत हैं। 5 में से 3 योजनाओं का कार्य पूर्ण हो चुका है एवं दो योजनाओं का कार्य अंतिम चरण में है। 1594 शालाओं में से 924 कार्य प्रगतिरत हैं एवं 108 कार्य पूर्ण हो चुके हैं। 1084 आंगनबाड़ी में से 514 में कार्य प्रगतिरत है तथा 43 पूर्ण हो चुके हैं।

नईदुनिया 28/7/21

# तीसरी लहर से बचाव की तैयारी

रतलाम, नप्र। कोविड की तीसरी लहर की संभावना को देखते हुए कलेक्टर ने अभी से ऐसी तैयारी शुरू करवा दी कि जरुरत पड़ने पर कोई परेशानी ना हो। अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ ही डाक्टर व स्टॉफ को प्रशिक्षण देकर मुस्तैद किया जा रहा है। तीसरी लहर से निबटने के लिए की जाने वाली तैयारियों में मेडिकल कॉलेज के प्रशिक्षकों की सेवा ली जा रही है।

इन प्रशिक्षकों ने अब तक जिले में सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में 25 सेक्टर मेडिकल ऑफीसर को टीओटी का प्रशिक्षण दिया है। इसके अलावा एएनएम, आशा कार्यकर्ता एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को बच्चों में कोविड- 19 के संभावित संक्रमण के लक्षण एवं जांच एवं उपचार के बारे में विस्तार से बताया जाएगा ताकि मैदानी स्तर पर ही बच्चों को उचित प्राथमिक उपचार मिल सके। सेक्टर मेडिकल ऑफीसर सभी एएनएम, आशा कार्यकर्ता एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दे रहे है।

प्रधानमंत्री कौशल विकास केन्द्र के माध्यम से नवनियुक्त 20 नर्सिंग स्टफ से संबंधित प्रशिक्षण प्रदान किया है। मेडिकल कॉलेज में 114 नवनियुक्त नर्सिंग स्टाफ को कोविड आईसीयू एसएनसीयू कोविड आइसोलेशन में मरीजों के प्रबंधन एवं देखभाल का प्रशिक्षण दिया। जिला अस्पताल एवं बाल अस्पताल में पैरामेडिकल स्टाफ को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

रतलाम, नप्र। फसल बीमा योजना में अधिसूचित की जाने वाली खरीफ फसलों की सूची राजपत्र में प्रकाशन हो चुकी है। तहसील स्तर पर कपास एवं जिला स्तर पर उड़द, मूंग एवं पटवारी हल्का स्तर पर सोयाबीन तथा मक्का फसल को परिभाषित किया है। बीमा की अंतिम तिथि 31 जुलाई है।

प्रभात किरण 27/7/21



## सीवरेज लाइन टूटी, सड़क पर हुआ गड्ढा

**रतलाम.** बारिश के दौरान शहर में सीवरेज के किए गए काम अब सामने आ रहे हैं। शहर में कई जगह भारी वाहन जाने की दशा में सीवरेज वाली सड़कों पर बड़े बड़े गड्ढे हो रहे हैं। सुबह करीब 7 बजे सुबह के समय नगर निगम के पास रतलाम विकास प्राधीकरण के सामने सीवरेज लाइन के काम के बाद सड़क टूट गई। करीब 7 माह पूर्व यहां पर सड़क को खोदा गया था। इसके पूर्व एक साल पहले ही यह सड़क 4 लाख रुपए का व्यय करके बनाई गई थी। वो भी जगह जगह से उखड़ गई है। इस मार्ग पर डंपर के निकलने से सड़क धंस गई। पत्रिका

पत्रिका 28/7/21

## सीवरेज का आयुक्त ने निरीक्षण किया

रतलाम. अहिंसा ग्राम रोड स्थित मंगलम सिटी मेन रोड कॉलोनी में 600 मीटर लंबी खोदी गई सीवरेज पाइप लाइन के बाद सड़क सुधार के निर्देश नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने मंगलवार को दिए हैं। यह निर्देश उस समय दिए गए जब आयुक्त झारिया इस कॉलोनी में गए थे। तब क्षेत्र के रहवासियों ने आयुक्त से इस मामले में मुलाकात की। क्षेत्र के रहवासियों ने बताया बारिश के बाद परेशानी हो गई है। सीवरेज पाइन डालने के लिए सड़क की खुदाई की गई, लेकिन उसकी मरम्मत नहीं की गई। निगम आयुक्त झारिया, सिटी इंजीनियर सुरेशचंद्र व्यास आए थे। इस दौरान संयुक्त निरीक्षण कर आयुक्त ने ठेकेदार को शीघ्र मरम्मत करने के लिए निर्देशित किया है। प्रकाशचंद्र व्यास, हंसराज छाबड़ा, वीरेंद्र यादव ने कॉलोनी की पानी की समस्या को भी अवगत कराया। पत्रिका


# स्वच्छता पखवाड़े के तहत स्कूल में व्याख्यान



रतलाम। स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत जन शिक्षण संस्थान वर्मिन कम्पोस्ट एवं जल प्रबंधन पर ग्राम धराड़ के गुरुकुल स्कूल में व्याख्यान आयोजित किया गया । 15 जुलाई से 31 जुलाई तक स्व%छता पखवाड़ा के अंतर्गत जन शिक्षण संस्थान रतलाम किया जा रहा हैं। इसमें मुख्य अतिथि रतनलाल चरपोटा म.प्र. जन अभियान परिषद ब्लाक समन्वयक सैलाना ,अध्यक्ष दिनेश गहलोत सरपंच, विशेष अतिथि मनोज उप सरपंच ,पंचायत समन्वयक धन्नालाल फुलेरिया की उपस्थिति में व्याखान आयोजित किया गया। इस अवसर पर रतनलाल चरपोटा ने वर्मिन कम्पोस्ट एवं जल प्रबंधन पर विस्तृत व्याख्यान दिया। धन्नालाल ने कोविड 19 से बचाव प्रक्रिया से अवगत करवाया । जन शिक्षण संस्थान के कार्यक्रम अधिकारी रघुवीर सिंह सिसोदिया ने कार्यक्रम का संचालन किया तथा ग्राम धराड़ व बाटोड़ा में प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले प्रशिक्षार्थीयों को प्रमाण-पत्र प्रदान किये गए । श्रीमति जिगेश सोसोदिया ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। २१७

राज एक्सप्रेस 28/7/21

योजना बनाई उस समय सारे शहर की सड़कें इतनी चौड़ी थी कि लोग रतलाम की बनावट की प्रशंसा करते थे और कहने में उनको संकोच नहीं होता था कि अन्य शहरों की तुलना में रतलाम सुंदर शहर है जहां की सड़कें चौड़ी-चौड़ी और सुव्यवस्थित है,लेकिन आज के हालात को देखते हुए यदि मुंशी शामत अली होते तो उन्हें दुख होता कि मैंने जिस रतलाम को बसाया वहां के बाशिंदों ने मेरे सपने को चकनाचूर करते हुए बढ़ते शहर को कस्बे में तब्दील कर दिया। सारी चौड़ी-चौड़ी सड़कें सड़क अतिक्रमण का शिकार होकर कस्बों की सड़कों की तरह बन गई है और कई सड़कें और बाजार तो मीना बाजार के स्वरूप में बदल गए है। इसके लिए जहां शहर के लापरवाह नागरिक जिम्मेदार है वहीं यातायात पुलिस भी पूरी तरह निष्क्रिय है। लगता ही नहीं है कि शहर






में यातायात पुलिस की कोई व्यवस्था है।

एक समय यातायात समिति द्वारा दिए गए सुझावों को अमल में लाकर शहर में मोबाइल कोट चलती थी। सड़क पर कब्जा करने वाले दुकानदारों के चालान बनते थे। बेतरतीब तरीके से खड़े वाहनों पर कार्रवाई होती थी। हर प्रमुख चौराहों पर यातायात पुलिस के जवान नजर आते थे। सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से बनी ट्राफिक छतरियों में यातायात के जवान सफेद कपड़ों (यातायात पुलिस की ड्रेस) में चमकते थे और सड़कों पर लोग आराम से चल सकते थे। वाहन यातायात में भी कोई बाधा उत्पन्न नहीं होती थी। एकांगी मार्ग बनाए गए थे,ताकि यातायात का दबाव कम हो सके, लेकिन अब कहीं भी एकांगी मार्ग नजर नहीं आते है।

## अफसरों के भरोसे यातायात समिति

जब से यातायात सुरक्षा समिति अफसरों के भरोसे ही चल रही है तब से न तो यातायात पुलिस कहीं नजर आती है और ना ही यातायात छतरियों पर कोई जवान दिखता है। सभी प्रमुख चौराहे पर इस प्रकार यातायात बाधित रहता है कि लोग पैदल भी नहीं चल सकते, वाहन की तो बात ही दूर है। इसके अलावा भी जो सड़क मार्ग है उनके दोनों ओर इस तरह सड़क अतिक्रमण है। दुकानदारों ने अपनी दुकानें आगे तक बढ़ा ली है। दो पहिया-चार पहिया वाहन इच्छा के मुताबिक जहां चाहे खड़े हो [illegible], कोई रोकने-टोकने वाला नहीं। क्योंकि इन वाहन चालकों को किसी का भय नहीं है। जिस दुकानदार अथवा भवन स्वामी के घर के बाहर दो-चार पहिया वाहन पार्किंग के रूप में खड़े होते है वहां के लोग इस कदर परेशान है कि आए दिन विवाद की स्थिति निर्मित होती है।





## यातायात व्यवस्था को लेकर वीडियो भी बनी थी

एक समय पुलिस अधीक्षक रहे उमेश जोगा ने रतलाम शहर की यातायात व्यवस्था को लेकर एक वीडियो बनाया था, जो शहर के नागरिकों को एक आयोजन में दिखाया भी और बताया भी कि रतलाम शहर के यातायात व्यवस्था को बाधित करने और शहर की सड़कों तथा प्रमुख बाजारों की चौड़ी सड़कों को सकरी सड़के बनाने में व्यापारियों, ठेला गाड़ियों, रिक्शा चालकों, वाहन स्वामियों की सबसे अधिक जिम्मेदारी है और वही जिम्मेदार है चौड़ी सड़कों को सकरी सड़कों में परिवर्तित करने के लिए।

## पुलिस को केवल चालानी कार्रवाई पर भरोसा

यातायात पुलिस या थाना क्षेत्र की पुलिस केवल चालाना बनाते हुए देखी जा सकती है। कभी यातायात को नियंत्रित करते हुए लोग कम ही देखते है। कभी मोबाइल कोर्ट निकलती हो महिनों से किसी ने नहीं देखा। माणक चौक जो शहर का अतिव्यस्त बाजार कहा जाता है वहां की स्थिति यदि देखी जाए तो हर कोई इस बात का गवाह कि वहा कभी पुलिस नजर नही आती। सारा क्षेत्र अव्यवस्थित बाजार के रूप में नजर आता है।

## राहगीरों का पैदल निकलना मुश्किल

इसी प्रकार की स्थिति धानमंडी, घास बाजार, चौमुखी पुल, गणेश देवरी, गौशाला रोड, तोपखाना, लोकेंद्र टाकीज चौराहा, चांदनी चौक, त्रिपुलिया गेट सहित कई मार्गों और बाजारों की है जहां लोगों को पैदल निकलने में भी परेशानी होती है।

चार पहिया वाहन मालिकों ने सड़कों को ही गैरेज समझ लिया

कई राज्यों में चार पहिया वाहन खरीदते समय यह शर्त भी साथ रहती है कि आपके पास स्वयं का गैरेज है अथवा नहीं। यदि गैरेज है तो ही वह वाहन खरीदने का हकदार होता है। लेकिन हमारे यहां स्थिति है कि चार पहिया वाहन मालिकों ने सड़कों को ही अपना गैरेज समझ लिया है। कई ऐसे वाहन मालिक है जिनके पास तीन-तीन,चार-चार गाड़ियां है वह सभी सड़कों पर ही खड़ी रहती है, जिससे यातायात बाधित होता है। कभी पुलिस ने ऐसे वाहन स्वामियों के चालान नहीं बनाए जो सड़क को ही गैरेज समझ बैठे है।

## मिर्ची गली के हालात भी चिंताजनक

शहर के माणक चौक क्षेत्र में एक मिर्ची गली भी है,जिसमें व्यापारियों ने कितनी आगे बढ़कर अपनी दुकानें जमा ली है, जिसे देखकर आश्चर्य होता है कि यातायात पुलिस क्या कर रही है और नगर निगम का राजस्व अमला कभी इस बात पर निगाह डालता भी है या नहीं। यही स्थिति माणक चौक इलाके में कई गलियों की है।

वाले और उसे क्रियान्वित करने वाले यह नहीं देख रहे है कि वह सड़के नियम के मुताबिक बनी है अथवा नहीं। सारी सड़कों के दोनों ओर दुकानदारों ने कब्जा कर रखा है, कहीं दुकान का सामान बाहर है तो कहीं पार्किंग के रूप में उसका इस्तेमाल हो रहा है। फुटपाथ पर तो पहले ही कब्जा कर रखा है। यदि शहर का भ्रमण कर स्थिति का अध्ययन किया जाए तो हमारे शहर के कर्णधार आसानी से पता लगा सकेंगे कि इस खबर में लिखी बातें सही है अथवा नहीं।

## अघोषित रिक्शा स्टैण्ड

वही अघोषित रिक्शा स्टैण्ड भी रिक्शा चालकों ने बना दिए है। जो लोगों के लिए परेशानी का कारण बने हुए है। सारे शहर में कहीं भी रिक्शा स्टैण्ड के बोर्ड नहीं लगे है। कई बार यातायात समिति की बैठक में निर्णय भी हुआ, लेकिन अमल नहीं हुआ और अब तो यातायात समिति अफसरों के भरोसे ही बनी हुई है, जिसमें कभी अच्छे अशासकीय सलाहकार सदस्य थे और जिनके सुझाव उपयोगी हुआ करते थे उन्हें हटा दिया गया, क्योंकि अफसरों को सुझाव देने वाले सलाहकार सदस्यों की जरूरत नहीं है, यही कारण है कि दो दर्जन से अधिक समितियों में सलाहकार सदस्य नियुक्त नहीं किए गए जो जनसेवक के रूप में शामिल किए जाते है।

स्वदेश 28/7/21